प्रेस नोट
दिनांक 19.02.2025

शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर आमजनमानस को कराया गया सुरक्षा का एहसास, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश–

गोण्डा। आज दिनांक 19.02.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना को0 नगर क्षेत्रांतर्गत प्रमुख चौराहों, तिराहों, सर्राफा मार्केट, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व अन्य चिन्हित स्थानों पर पैदल गश्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया। महोदय द्वारा आमजनमानस से जनसंवाद स्थापित कर शासन के द्वारा जारी गाइडलाइनों से सभी को अवगत कराया तथा सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई साथ ही बताया गया कि संवेदनशील स्थलों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बा, चौराहों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता रखते हुए संवेदनशील स्थलों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी की जा रही है। आवागमन के मार्गो, संवेदनशील स्थलों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा धार्मिक स्थलों के आस–पास प्रभावी मोबाइल पेट्रोलिंग लगातार की जा रही है। जनपद के बार्डर एरिया पर पिकेट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की संघन चेकिंग की जा रही है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की जा रही है किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना सोशल प्लेटफार्म पर यदि किसी के द्वारा फैलायी गयी तो उसके विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में महोदय द्वारा सभी दुकानदारो से अपनी–अपनी दुकानों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरें लगवाने हेतु बताया गया। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा प्रभारी यातायात को निर्देशित किया गया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने व आमजनमानस को यातायात नियमों को पालन करने हेतु जागरूक करते रहे।

प्रेस नोट
दिनांक 19.02.2025

शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर आमजनमानस को कराया गया सुरक्षा का एहसास, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश–

गोण्डा। आज दिनांक 19.02.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना को0 नगर क्षेत्रांतर्गत प्रमुख चौराहों, तिराहों, सर्राफा मार्केट, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व अन्य चिन्हित स्थानों पर पैदल गश्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया। तथा आवश्यक सुरक्षा उपायों के बारे में अवगत कराया। महोदय द्वारा गश्त के दौरान सड़क के किनारे अवैध अतिक्रम की समस्या पर ध्यान दिया और दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे सड़क किनारे अतिक्रमण न करें तथा संबंधित दुकानदार को बुलाकर सड़क पर अतिक्रमण करने से बचने की सलाह दी। महोदय द्वारा प्र0नि0 को0 नगर को निर्देशित किया गया कि वे लगातार संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त करें ताकि लोग सुरक्षित महसूस करें। इसके साथ ही, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बों, चौराहों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई। साथ ही इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखने के लिए बताया गया। जाम की स्थिति और संदिग्ध वाहनों की जांच हेतु महोदय द्वाररा यातायात प्रभारी को निर्देश दिया कि वह शहर के सभी प्रमुख क्षेत्रों का निरीक्षण करें और जाम की स्थिति उत्पन्न न दे। तथा बॉर्डर एरिया पर पिकेट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच करने की भी सलाह दी, ताकि कोई अपराधी जिले की सीमा से बचकर न निकल सके। महोदय द्वारा व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर अपने प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी।

इस अवसर पर प्र0नि0 को0 नगर श्री संतोष कुमार मिश्रा सहित पुलिस के अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

मीडिया सेल, गोण्डा।